समाचार सार

समानता में समृद्धि विषयक संगोष्ठी

सेमिनार में ईएसआइसी के अधिकारी ● जागरण

जागरण संवाददाता, दुर्गापुर : कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दुर्गापुर स्थित उपक्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जहां समानता में समृद्धि विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यालयों के महिला कर्मियों एवं उनके बच्चों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कविता पाठ, गीत गायन, श्रुति नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण को दर्शाया गया। जहां उप निदेशक रूद्रदीप दत्त, सहायक निदेशक डीबी दास, गौतम चटर्जी ने अपना-अपना विचार रखा। रूद्रदीप दत्त ने कहा कि देश की समृद्धि के लिए महिला को समान अधिकार देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नारी के बिना हम अपने आस्तित्व की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। संगोष्ठी में विशेष रूप से आमंत्रित कुल्टी शाखा कार्यालय की शाखा प्रबंधक रेखा सरकार ने भी अपना विचार रखा एवं कहा कि, समानता में समृद्धि की शुरूआत हमें सबसे पहले अपने घर एवं परिवार से करना चाहिए।